Deputy Director of
School Education (Sec)
16 MAY 2026
Dispatch No. 2068-89
Kangra at Dharamshala

कार्यालय उप निदेशक स्कूल शिक्षा (मा0)
कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
ईमेल आईडी: ddhekangra3@gmail.com

क्रमांक: EDN-KGR (E-III) Complaint-2024/-

दिनांक: धर्मशाला-176215, 13/05/2026

सेवा में,

सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक/उच्च विद्यालय,
जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

विषय: विद्यालयों की भीतर व बाहरी दीवारों, तथा विद्यालयों के परिसर में अनाधिकृत पोस्टर ,चुनावी पोस्टर/बैनर आदि न लगाए जाने बाबत।

ज्ञापन,

यह संज्ञान में आया है कि कुछ विद्यालयों की बाहरी दीवारों, तथा विद्यालयों के परिसर में चुनाव प्रचार संबंधी पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री लगाई जा रही है, जिससे सरकारी संपत्ति की सौंदर्यता प्रभावित हो रही है तथा आदर्श आचार संहिता एवं स्वच्छ वातावरण की भावना के विपरीत स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने विद्यालय परिसर, विद्यालय की चारदीवारी, प्रवेश द्वार एवं आसपास किसी भी प्रकार के अनाधिकृत अन्य पोस्टर, चुनावी पोस्टर, बैनर, पम्पलेट अथवा प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति न दी जाए। यदि कहीं इस प्रकार की सामग्री लगी पाई जाती है तो उसे तत्काल प्रभाव से हटाना सुनिश्चित करें।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय परिसर एवं सरकारी संपत्ति की स्वच्छता एवं गरिमा बनी रहे तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए।

उक्त निर्देशों की अनुपालना गंभीरता से सुनिश्चित की जाए।

उप निदेशक स्कूल शिक्षा (मा0),
कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

पृष्ठांकन संख्या: यथेपरि–
प्रतिलिपि:
1. उपायुक्त महोदय, कांगड़ा स्थित धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

उप निदेशक स्कूल शिक्षा (मा0),
कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

Scanned with OKEN Scanner